SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI:
SHRI NARAYAN SWARUP SHARMA:

Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the Centre has advised

the States to introduce suitable legislation to regulate the extraction of ground water to avoid depletion of the supply; and

(b) if so, the States' reaction thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) The Central Working Group for formulation of the Fourth Five Year Plan Proposals for Minor Irrigation had recommended that the States should give serious consideration to introduction, as early as possible, of a suitable groundwater legislation with a view to regulating and controlling groundwater extraction within safe limits. The recommendations of the Working Group were brought to the notice of the State Governments by this Ministry.

(b) The proposal was discussed at the State Agricultural Production Commissioners' Conference held in May, 1969. The consensus of opinion in this Conference was that a stage had now been reached when legislative measures would need to be taken for regulating and controlling groundwater development. It was, however, recognised that it would be essential to carry out scientific groundwater investigations before such legislative measures can be implemented. It was suggested at this Conference that the Government of India should draft a model bill for guidance of the State Governments. A Working Group has been set up by this Ministry for drafting this model bill.

Complaint from MPs against External Services Division of AIR

4344. SHRI P. M. SAYEED:
SHRI MANIBHAI J. PATEL:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have received letters from certain Members of Parliament regarding inefficient working of the External Services Division of All India Radio;

(b) if so, the points raised in their letters; and

(c) the steps taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Yes, Sir.

(b) The points raised were that some foreign national left the External Services Division before expiry of the contractual period, that there were complaints of ill-treatment and intrigues, that the standard of external services was low because of vacancies in the cadre of supervisors, that the programmes were not attractive and that there were anti-national elements in the External Services Division.

(c) On investigation it was found that the foreigners who left did so mostly for personal reasons, and that other complaints by and large lacked substance. There is, however, considerable scope for improvement in the working conditions of personnel in External Services Division. Steps are being taken to improve the emoluments and other conditions of service in the External Services Division. Whenever any concrete complaint comes to notice it is attended to.

खेती के आधुनिक तरीकों के बारे में किसानों को प्रशिक्षण

4345. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अधिकांश किसानों को उन्नत बीजों, खेती के आधुनिक उपकरणों और आधुनिक तरीकों की जानकारी नहीं है जिसके कारण कृषि उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि नहीं हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकारी खर्च पर किसानों को सरकारी कृषि फार्मों में ले जा कर उन्हें उक्त बातों के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिये प्रस्ताव पर सरकार विचार करेगी ;

(ग) यदि हां, तो यह प्रशिक्षण कब तक आरम्भ किये जाने की सम्भावना है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). विस्तार गतिविधियों द्वारा सुधरे बीजों, आधुनिक उपकरणों और कृषि की आधुनिक विधियों का ज्ञान किसानों तक पहुंचाया जाता है, जो कि अब उत्पादन प्रयत्नों का एक आवश्यक अंग है। ये गतिविधियां कई वर्षों से जारी हैं और अधिकाधिक किसानों को इसके अन्तर्गत लाने के लिये इन्हें शनैः शनैः तीव्र किया जा रहा है। "कृषक प्रशिक्षण और शिक्षा" योजना के अन्तर्गत, जो कि पहले ही 50 चुनीदा अधिक उत्पादनशील किस्म कार्यक्रम वाले जिलों में लागू की जा रही है और जिसका चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान 5 । अन्य जिलों में विस्तार किया जा रहा है, किसानों को सुधरी पैकेज प्रणालियों का व्यापक ज्ञान कराया जाता है। दृश्य श्रव्य प्रचार साधनों की सहायता से किये जाने वाले प्रदर्शनों, राजकीय फार्मों की यात्रा, अनुसंधान केन्द्रों आदि द्वारा यह प्रयत्न किया जाता है, जो कि इस प्रयत्न का एक आवश्यक तत्व है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, जहां तक सम्भव होगा किसानों को राज्य में और राज्य से बाहर राजकीय फार्मों और प्रगतिशील किसानों के फार्मों की यात्रा करने की सुविधायें भी प्रदान की जायेंगी।

(ग) "कृषक प्रशिक्षण और शिक्षा" योजना 1966–67 में मार्गदर्शी योजना के रूप में प्रारम्भ की गई थी और तब से वर्ष प्रति वर्ष इसका विस्तार किया जाता रहा है।

(घ) प्रश्न ही नहीं होता।

आर्थिक विशेषज्ञों की कमी

4346. श्री ओम प्रकाश त्यागी : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 12 मई, 1969 के 'दी स्टेट्समैन' (कलकत्ता संस्करण) में प्रकाशित यह समाचार ठीक हैं कि देश में आर्थिक विशेषज्ञों की कमी है जबकि तकनीकी व्यक्ति बेरोजगार हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). विभिन्न वर्गों के विशेषज्ञों और तकनीकी जनशक्ति की मांग और पूर्ति में असंतुलन होता रहता है। सरकार द्वारा इस पर विचार किया जाता है और इस असंतुलन को यथासम्भव कम करने के प्रयत्न किये जाते हैं।

Telephones sanctioned by Minister of State

4347. SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI:
SHRI KARTIK ORAON:
SHRI TENNETI VISWANATHAM:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of telephone connections sanctioned by Shri I. K. Gujral; the Minister of State in the Department of Communications, with the names and addresses of the persons; since 1967; and

(b) how many telephone connections have been sanctioned by him with the names and addresses of the persons?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH): (a) and (b). No separate record of the con-

nections sanctioned by the Ministers is kept. However, the information is being collected and will be placed on the Table of the Lok Sabha shortly.

Automatic Telephone Exchange in U.P.

4348. SHRIMATI SAVITRI SHYAM: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state the names of the places where Automatic Telephone Exchanges are proposed to be opened in Uttar Pradesh during the year 1969-70?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH): Automatic exchanges are proposed to be opened during 69-70 at the following stations:

1. Afzalgarh
2. Baheru
3. Bhadohi
4. Bhogaon
5. Bhojipura
6. Bilasanda
7. Daurala
8. Doiwala
9. Gauri Bazar
10. Haldua
11. Hasanpur
12. Jalalabad
13. Jalalpur
14. Jawar
15. Jhinjhak
16. Lar
17. Mahamdi
18. Maharajganj
19. Mihinpurwa
20. Miranpurkatra
21. Mohamdabad (Kanpur Divn.)
22. Mohamdabad (Gorakhpur Divn.)
23. Mohanlal ganj
24. Musafirkhana
25. Mussorie
26. Prayapur
27. Shakpur
28. Sidhault
29. Sitarganj
30. Sonkh
31. Tirwa
32. Thana Bhawan.

International Labour Conference held in Geneva

4349. SHRI MUHAMMAD SHERIFF: SHRI RAGHUVIR SINGH SHASTRI:

Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether any International Labour Conference was held in Geneva in the month of June 1969;

(b) the names of the other countries who participated in the conference; and

(c) the decisions arrived at in the conference?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) Of the 121 member States of the ILO, 116 countries, including India, participated in the Conference. The names of the participating countries are given in the statement laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1756/69].

(c) The Conference, interalia, (i) adopted a net expenditure budget of $59.71 million for the biennium 1970-71; (ii) formally endorsed the approach outlined in the World Employment Programme presented to the Conference by the Director-General, ILO and (iii) adopted a Convention and a Recommendation concerning Labour Inspection in Agriculture and a Convention and a Recommendation concerning Medical Care and Sickness Benefits.

Retrenchment in F. C. I.

4350. SHRI TULSHIDAS JADHAV: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the staff from the Food Corporation of India has been retrenched recently;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps Government propose to take about their re-employment?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) There has been no retrenchment of regular staff in the Food Corporation.

(b) and (c). Do not arise.

Fall in the Quality of D. M. S. Milk

4351. SHRI M. L. SONDHI:
SHRI D. N. PATODIA:

Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the steps which have been taken in connection with general public complaint that the standard of keeping quality and bacteriological quality of milk supplied by the Delhi Milk Scheme has fallen; and

(b) the steps taken in particular to enforce the inspection of milk which is purchased?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) Delhi Milk Scheme has a well-equipped Quality Control Laboratory under expert staff, which ensures strict control of quality of milk and milk products manufactured by the Scheme. Samples of milk are drawn at different stages and checked for bacteriological and keeping quality. The complaint that the quality of milk supplied by D. M. S. has fallen is not justified.

(b) Delhi Milk Scheme has set up Quality Control Laboratory at its Milk Collection and Chilling Centres where the quality of milk is thoroughly checked before acceptance. Surprise checks on the quality of milk are also conducted by officers from Quality Control Laboratory at the Central Dairy.

Village Level Workers

4352. SHRI LOBO PRABHU: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the reasons for not making the post of Village Level Worker permanent;

(b) in case the objection is financial, the reasons for not giving grants to the State Governments for this purpose;

(c) whether a monthly progress report is prescribed on all Government activity in the area of each Village Level Worker; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) to (d). The information is being collected from the State Governments and will be laid on the Table of the House as soon as possible.

Unemployment in Kerala

4353. SHRI LOBO PRABHU: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the number of unemployed persons in Kerala has increased from 7.5 lakhs in 1964 to 12 lakhs at present;

(b) whether it is also a fact that 211 industrial establishments have closed down if so, the reasons therefor;

(c) whether Government have ascertained the corresponding position about unemployment in other States; if not, whether Government propose to ask for the necessary data; and

(d) whether Government have investigated the problem of closing

down of industrial establishments in view of the reasons given by the management being relevant to planning; and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) and (c). Reliable estimates of unemployment in Kerala or in other States are not available. The methodology of estimating unemployment and connected issues are under study a Committee of Experts.

(b) No information is available.

(d) Does not arise.

Working of Co-operative Consumer Stores

4354. SHRI PREM CHAND VERMA: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the number of co-operative consumer stores being run by his Ministry and the investment on each of them;

(b) the result of their working during the last three years indicating the profit and loss and sales, and if there was loss, the reasons therefor;

(c) whether Government are satisfied with the working of these stores and if not, the steps taken to improve their working;

(d) whether Government have considered the desirability of appointing a Parliamentary Committee to look into the working of these stores; and

(e) if so, the decision taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) The consumer cooperative stores are not run by this Ministry. They are registered under the Cooperative Societies Acts of the States/Union Territories concerned, and are under the statutory control of the state governments/Union Territory administrations, which also provide financial assistance to them. The financial assistance provided by the Central Government to state governments and Union Territories for their consumer cooperative programmes for the year 1966-67 to 1968-69 amounted to Rs. 12.30 crores (approx.). Besides, the Central Government contributed Rs. 15 lakhs to the share capital of the National Cooperative Consumers Federation.

(b) A statement showing the results of the working of the consumer cooperative stores during the last three years is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1757/69].

(c) The working of a number of the stores has not been satisfactory; as Cooperation is a State Subject, the necessary remedial measures in each case are taken by the state governments/Union Territory administrations on the basis of audit and inspection conducted by the Registrars of Cooperative Societies concerned; their problems and measures for improvement are also studied and discussed at seminars and conferences.

(d) No, Sir.

(e) The question does not arise.

तारों का देर से वितरण

4355. **श्री प्रेम चन्द वर्मा** : क्या सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि पत्रों की तुलना में तार देरी से वितरित किये जाते हैं, यदि हां, तो कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा कितनी शिकायतों के बारे में जांच की गई है तथा उसके क्या परिणाम निक हैं ;

(ख) क्या तार विभाग को विशेष अनुदेश देने का सरकार का विचार है जिससे वे अपना काम ठीक ढंग से करें और तार समय पर वितरित हो सकें ; और

(ग) क्या सरकार को मालूम है कि हिन्दी के तार अंग्रेजी के तारों की अपेक्षा देरी से वितरित किये जाते हैं और यदि हां, उसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) खासकर इस किस्म की तो कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुईं, लेकिन तारों के देरी से वितरण होने के बारे में शिकायतें अवश्य प्राप्त हो रही हैं। पिछले वर्ष के दौरान तारों के देरी से वितरित होने के बारे में कुल 9,514 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। तारों के वितरण में देरी प्राकृतिक या दूसरे कारणों से, जो कि विभाग के नियंत्रण से बाहर थे, परिपथों में होने वाली गड़बड़ी के कारण हुई और कभी-कभी कर्मचारियों की ओर से चूक के कारण भी वितरण में देरी हो गई। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए कदम उठाए जाते हैं, और दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाती है।

(ख) मौजूदा विनियमों में कर्मचारियों के लिए हिदायतें पहले से मौजूद हैं।

(ग) देवनागरी लिपि में दिये गए तारों के वितरण में होने वाली देरी के संबंध में जो शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन पर अलग से कार्रवाई नहीं की जाती, और ऐसे तारों में होने वाली देरी के मामलों के अलग आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। यहां इस बात का उल्लेख कर दिया जाए कि देवनागरी के तार भी उन्हीं परिपथों से भेजे जाते हैं, जिन पर कि रोमन लिपि के तार भेजे जाते हैं। फिर भी कभी-कभी देवनागरी तारों में देरी दूरस्थ तारघरों में, जहां केवल एक ही संकेतक काम करता है, देवनागरी के संकेतक के अचानक अनुपस्थित होने के कारण हो जाती है।

माडर्न बेकरीज (इंडिया) लिमिटेड

4356. श्री प्रेम चन्द वर्मा :
श्री अट्टाकर सूपकार :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मोडर्न बेकरी (इंडिया) लिमिटेड की उन शाखाओं के क्या नाम हैं जिन्होंने उत्पादन कार्य आरम्भ कर दिया है और अपने 31 मार्च, 1969 को समाप्त होने वाले वर्ष के लाभ-हानि के खाते प्रस्तुत कर दिये हैं और प्रत्येक का लाभ अथवा हानि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि गैर-सरकारी बेकरियों और दुकानदारों ने मिल कर माडर्न बेकरीज लिमिटेड के उत्पादों को न बेचने का फैसला कर लिया है और यदि हां, तो क्या कम्पनी का अपने उत्पादों को स्वयं बेचने का प्रबन्ध करने का विचार है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि माडर्न बेकरीज का विज्ञापन आकाशवाणी के हिन्दी बुलेटिनों में अंग्रेजी में प्रसारित किया जाता है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) अहमदाबाद, बम्बई, कोचीन, दिल्ली तथा मद्रास में स्थित माडर्न बेकरीज (इंडिया) लिमिटेड के यूनिटों ने उत्पादन शुरू कर दिया है। 31 मार्च, 1969 के अन्त तक की अवधि के लिये कम्पनी के लाभ तथा हानि सम्बन्धी लेखे अभी उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि इन्हें अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) फिलहाल आकाशवाणी से दिये जा रहे वाणिज्यिक विज्ञापन अंग्रेजी में हैं, लेकिन बम्बई तथा दिल्ली स्टेशनों से हिन्दी में विज्ञापन दिये जाने के प्रबन्ध किये जा रहे हैं।

Subsidy to Super Bazars in Delhi

4357. SHRI SITARAM KESRI: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the amount of subsidy given by Government to various Super

Bazars in Delhi during the years 1967-68 and 1968-69;

(b) whether the rates of consumer goods sold at these Super Bazars are almost the same as prevailing in the market; and

(c) if so, the steps Government have taken or propose to take to make the things available at cheaper rates than the market at these stores and also run them on profitable basis?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION (SHRI M. S. GURUPADASWAMY): (a) Rs. 2.91 lakhs, given to the Cooperative Store Ltd.. New Delhi, which runs three units of Super Bazar in New Delhi.

(b) Generally, the rates of merchandise sold in the Super Bazars are competitive as compared with market prices.

(c) The financial assistance given by government, together with guidelines issued from time to time on operational, accounting and administrative matters, and facilities, such as obtaining supplies directly from manufacturers are intended to enable the Super Bazars to sell goods at favourable rates and run on profitable lines. The management of the Super Bazars have also taken various steps to cut down costs. streamline administrative and operational procedures, reduce shortages and leakages, and augment sales and other income.

A.I.R. Programmes "Jai Bharat" and "Jai Mala"

4358. SHRI MAHANT DIGVIJAI NATH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the "Jai Bharat" and "Jai Mala" programmes broadcast by the All India Radio for the army personnel contain most of the love songs;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether there is any proposal under the consideration of Government to broadcast only the songs of bravery for the army personnel in the above two programmes;

(d) if so, the details thereof; and

(e) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) "Jai Bharat" programmes contain songs on themes of national unity, defence, bravery, etc. "Jai Mala" programmes contain all types of popular songs which include love songs also.

(b) The programme is meant for entertainment and all types of songs which have popular appeal are included.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

(e) This is primarily a general entertainment programme consisting of songs of all types. Songs on themes like patriotism, courage, national integration, etc. are already included not only in 'Jayamala' but also in various other programmes throughout the day consistent with the requirement of programme planning and listener appeal. It is not, therefore, considered avoidable to restrict the scope and content of this programme.

Increase in Employment Potentiality

4359. SHRI D. N. PATODIA: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether the employment potential increased proportionately to the increase in the rise in the demand of the engineering goods in the country; and

(b) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a): Information is not available.

(b) Does not arise.

Film Finance Corporation

4360. SHRI A. SREEDHARAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the authorised and paid-up capital of the Film Finance Corporation Ltd., Bombay at the time of its setting up and as on the 31st March, 1969;

(b) the amount of loan received by the Corporation up to the 31st March, 1969 from Government, Banks or other parties separately;

(c) the amount paid as interest by the Corporation during the last three years;

(d) the details of its performance during the last three years and the amount of profit or loss if any; and

(e) the reasons for losses, if any, and the estimates for the year 1969-70?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) The authorised and the paid-up capital of the Film Finance Corporation Ltd., Bombay are as follows:—

	Authorised Capital	Paid-up Capital
As on 25-3-60 (date on which the Corporation was set up.)	Rs. 1 Crore	Rs. 20 lakhs
As on 31-3-69	Rs. 1 Crore	Rs. 50 lakhs

(b) The Government advanced loans totalling Rs. 50 lakhs to the Corporation upto 31st March, 1969. No loans have been received by the Corporation from Banks or other parties.

(c) The Corporation paid the following amount of interest to the Government during the last three years:—

Year	Amount of interest (Rs.)
1966-67	2,23,596
1967-68	2,77,303
1968-69	2,67,813
	Rs. 7,68,712

(d) During the last three years the Corporation had sanctioned, disbursed and recovered the following amounts of loans:—

	Year 1966-67 Rs.	Year 1967-68 Rs.	Year 1968-69 Rs.
Loans sanctioned	12,47,912	15,84,123	9,36,020
Loans disbursed	11,94,269	15,05,479	19,06,358
Loans re-paid (Principal only)	15,82,410	15,82,872	3,32,470

The Corporation suffered a loss of Rs. 5,44,359 during the year 1966-67 and earned profits amounting to Rs. 3,414/- and Rs. 13,004/- during the years 1967-68 and 1968-69 respectively.

(e) The main reason for loss suffered by the Corporation during the year 1966-67 was write-off of bad debts to the tune of Rs. 5,38,193 due to failure at the box-office of some films.

The estimates of receipts and expenditure during the year 1969-70 are as follows:—

	Rs.
Estimated Income	3,88,400
Estimated Expenditure	5,36,800
Estimated deficit	1,48,400

कृषि स्नातकों को भूमि का आवंटन

4361. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रोजगार-प्राप्त तथा बेरोजगार कृषि स्नातकों को बिना कोई मूल्य लिए कृषि योग्य भूमि देने के लिये एक योजना लाने का सरकार का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (ग). भूमि नियतन के कार्य-क्रम राज्य सरकारों द्वारा पूरे किए जाते हैं और वे ऐसा करते समय विभिन्न सिद्धान्तों को दृष्टि में रखते हैं।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी तक केवल एक राज्य अर्थात् मध्य प्रदेश ने कृषि स्नातकों को भूमि के आवंटन की योजना बनाई है। आवंटन के साथ-साथ ही नियत भागी को कुछ आर्थिक सहायता भी दी जाती है जिसका कुछ भाग अनुदान के रूप में और शेष भाग ऋण के रूप में होता है। यह वित्तीय सहायता भूमि की सफाई, भूमि विकास, पशु तथा चारे की खरीद, एक कुएं का निर्माण बीज तथा उपकरणों की खरीद आदि जैसे विभिन्न कार्यों के लिए दी जाती है। स्थानिय परिस्थितियों के संबंध में प्रत्येक राज्य ऐसी नीति को जैसा उचित समझेगा नीति बना सकेगा। यह प्रत्येक राज्य के अपने लिए है कि वह ऐसी नीति निश्चित करे जो स्थानीय परिस्थितियों में उपयुक्त समझे।

राजस्थान के भरतपुर सब-डिवीजन की बयाना आगरा टेलीफोन लाइन पर टेलीफोन तारों का काटा तथा चुराया जाना

4362. **श्री मीठा लाल मीना** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में भरतपुर सब-डिविजन की बयाना-आगरा टेलीफोन लाईन पर 1968-69 में और 1969 में अब तक पृथक्-पृथक टेलीफोन के तारों के काटे जाने तथा चुराये जाने की कितनी घटनाएं हुई ;

(ख) इस प्रकार तारों के काटे जाने से विभाग को कुल कितनी हानि हुई ;

(ग) क्या यह सच है कि इस मार्ग पर तारों के काटे जाने की बहुत अधिक घटनाऐं होने पर भी सरकार इनकी पुनरावृति को रोकने में बिल्कुल असफल रही है ;

(घ) क्या बयाना-आगरा लाइन पर तारों के काटे जाने की बारंबार होने वाली घटानाओं के कारण इस लाइन को मार्ग बदलकर बरास्ता भरतपुर ले जाना आवश्यक हो गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री ओ. पी. सिंह) : (क) 1968-69 के दौरान 34 और 1969 के दौरान (जुलाई, 1969 तक) 11 घटनाएं हुई।

(ख) 1968–69 के दौरान 47875 रुपये और 1969 के दौरान 9380 रुपये ।

(ग) सभी मामलों की पुलिस को तुरंत रिपोर्ट कर दी गई थी, जो आवश्यक छानबीन कर रही है । इसके अतिरिक्त देश में तांबे के तार की चोरी कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किये गए हैं --

(i) राज्यों के मुख्य मंत्रियों को यह लिख दिया गया है कि वे पुलिस महानिरीक्षकों को ऐसे कदम उठाने के निर्देश दे जिससे तांबे के तार की चोरी कम से कम हो ।

(ii) अपराधियों को और भी कड़ी सजा देने के लिए टेलीग्राफ तार (अवैध कब्जा) अधिनियम, 1950 में संशोधन किया जा रहा है ; और

(iii) विभाग धीरे-धीरे तांबे के तार के स्थान पर तांबा बढ़े इस्पात के तार (तांबे के झले तार) या अल्यूमिनियम कंडक्टर लगाने की व्यवस्था कर रहा है ।

(घ) जी, हां ।

(ङ) 4 जुलाई, 1969 को भरतपुर के मार्ग से इस परिपथ की व्यवस्था कर दी गई है ।

Minimum Wage for Unskilled Building Labour

4363. SHRI BAL RAJ MADHOK: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) the minimum wage fixed for unskilled building labour, masons and carpenters in the Union Territory of Delhi; and

(b) how this minimum wage compares with the minimum wage fixed in the neighbouring States of Haryana and Uttar Pradesh?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) A statement is enclosed.

Statement

Category	Rate
1. Mazdoor Male.	Rs. 2·50 per day.
2. Mazdoor Female.	Rs. 2·25 ,,
3. Carpenter Grade I.	Rs. 5·75 ,,
4. Carpenter Grade II.	Rs. 5·00 ,,
5. Mason Grade I.	Rs. 5·75 ,,
6. Mason Grade II.	Rs. 5·00 ,,

(b) The wages fixed by the Delhi Administration for unskilled workers are higher than those in Uttar Pradesh but low as compared to Harayana.

Upgrading of Veraval and Navsari Sub-Post Offices

4364. SHRI D. R. PARMAR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that upgrading of Veraval and Navsari Sub-Post Offices in Gujarat Circle is approved; and

(b) if so, the reasons for not upgrading these Sub-Post Offices to Head-Post Offices up-till now?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH): (a) Yes.

(b) The Veraval S.O. could not be upgraded due to non-availability of suitable accommodation so far. Effort is being made to get the same early. Upgradation of Navsari SO into HO has been approved only on 14th July, 1969 and it will be upgraded shortly.

Bifurcation of Mehsana Head-Post Office

4365. SHRI D. R. PARMAR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Mehsana Head-Post Office is overloaded with the work of its Sub-offices;

(b) if so, whether there is any proposal for the bifurcation of Mehsana Head Post Office by upgrading any suitable Sub-Post Office under its jurisdiction;

(c) the details of the proposal, if any; and

(d) if not, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH): (a) No.

(b) Does not arise in view of (a) above. The Head Office was bifurcated on 1st July, 1968 when Kalol H.O. was formed.

(c) Does not arise.

(d) After bifurcation effected only last year, work in the office is not heavy, and does not need any further reduction at present under existing standard.

रासायनिक उर्वरकों के विक्रय में कमी

4366. **श्री विभूति मिश्र** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले बजट में रासायनिक खाद में कर वृद्धि के पश्चात् उर्वरकों की बिक्री कम होती जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसा विचार नहीं करती कि इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आयेगी ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) अभी तक खरीफ फसल के लिये उर्वरक का प्रयोग किया जा रहा है । अब तक राज्य सरकारों तथा विनिर्माताओं से प्राप्त उर्वरकों की खरीद की रिपोर्ट यह प्रदर्शित नहीं करती है कि उर्वरकों की बिक्री सामान्य रूप से शुल्क के लगने के पश्चात् कम हो गई है।

(ख) और (ग): प्रश्न ही नहीं होते ।

Non-Availability of Seeds of New Varieties of Wheat and Paddy

4367. SHRI BIBHUTI MISHRA: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that new varieties of seeds of paddy and wheat produced by I.C.A.R. are not available to the remotest part of the villages; and

(b) if so, whether any arrangements have been made to distribute them evenly?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): (a) and (b). The information is being collected from the State Governments and will be laid on the Table of the Sabha as soon as it is received.

फल तथा सब्जी के उत्पाद निर्माण करने के लिए लाइसेंस

4368. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उन फर्मों की कुल संख्या कितनी है जिनको फल तथा सब्जी के

उत्पाद निर्माण करने के लिये सितम्बर, 1968 तक लाइसेंस दिये गये थे ; और

(ख) उक्त फर्मों के नाम तथा पते क्या हैं और 1969-70 में उनके द्वारा तैयार किये जाने वाले उत्पादों का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) 30 सितम्बर, 1968 को फल तथा सब्जी के उत्पाद तैयार कर रहे लाइसेंस धारियों की कुल संख्या 1073 थी ।

(ख) संकलित किया जाने वाला विवरण बहुत ही विस्तृत होगा और उसके संकलन पर जो समय तथा श्रम लगेगा उसके अनुपात में उतना लाभ नहीं होगा ।

कृषि योजनाएं

4369. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने वर्ष 1968-69 में कृषि सम्बन्धी 86 नई योजनाओं के सम्बन्ध में करार कर लिये हैं तथा इन योजनाओं के लिए 12.62 करोड़ रुपये की सहायता की आवश्यकता है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त नई योजनाओं का ब्यौरा क्या है और उन देशों के नाम क्या हैं जिनके साथ इन योजनाओं के सम्बन्ध में करार किये गये हैं ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) : (क) और (ख). भारत सरकार ने वर्ष 1968-69 में उन योजनाओं के लिए करार किये थे जिनमें 8.34 करोड़ रुपये की आवश्यकता थी । इन योजनाओं की सूची और उनसे सम्बद्ध विशेष ब्यौरा सभा पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है । [**पुस्तकालय में रख दिया गया । देखिए** संख्या LT 1758/69]

इनके अतिरिक्त खाद्य और कृषि मंत्रालय के तत्वाधान के "भूख में कार्य करने वाले छुटकारा अभियान" ने विदेशी सहायता तथा देशी संसाधनों के प्रस्तावों पर भी विचार किया था । वर्ष 1968-69 के दौरान इन सभी योजनाओं को अन्तिम रूप नहीं दिया गया था; इनमें से कुछ पूर्व वर्षों से ही चालू थीं और कुछ वर्ष के दौरान शुरू की गई । विचाराधीन और लागू की जा रही दोनों ही परियोजनाओं की लागत में भूख से छुटकारा अभियान के अधीन पूर्व वर्ष की परियोजनाओं से वृद्धि लगभग 4.28 करोड़ रुपये की थी । अनुबन्ध 11 में सूची दी गई है ।

भूमि सुधारकों की कार्यान्विति

4370. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय खाद्य तथा कृषि मंत्री ने राज्यों के मुख्य मंत्रियों का ध्यान भूमि सुधार अधिनियम की त्रुटियों को दूर करने तथा इसे शीघ्र क्रियान्वित करने के लिये 1968-69 में राष्ट्रीय विकास परिषद् की भूमि सुधार कार्यान्विति समिति की सिफारिशों की ओर दिलाया था; और

(ख) यदि हां, तो इन सिफारिशों का ब्यौरा क्या है तथा विभिन्न राज्यों के मुख्य मंत्रियों की प्रतिक्रिया क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां ।

(ख) राष्ट्रीय विकास परिषद् की भूमि सुधार कार्यान्विति समिति की समीक्षा

को अगस्त, 1966 में योजना आयोग द्वारा प्रकाशित किया गया था और इस प्रकाशन की प्रतियां संसद सदस्यों के लिए उपलब्ध की गई थीं । जिन मुख्य बातों पर शीघ्र ध्यान देने के लिए कहा गया था वे समीक्षा के पृष्ठ संख्या 17 पर संक्षिप्त रूप से दी गई थीं और वे नीचे दी गई हैं :—

(1) क्रियान्विति तथा देखभाल के लिए प्रशासनिक प्रबन्ध अक्सर अपर्याप्त हैं और सुधार की गति को अधिक तीव्र करने के लिए जन-धारण पर्याप्त रूप से नहीं बनी है ।

(2) पट्टेदारों के अभिलेख, जो भूमि सुधार की प्रभावी क्रियान्विति के लिए अनिवार्य हैं कई राज्यों में मौजूद नहीं हैं और यदि कहीं हैं भी, तो वे प्रायः अधूरे और पुराने हैं ।

(3) चाहे पट्टेदारों को जहां पर स्थायीरूप से अधिकार दे दिए गए हैं, फिर भी उनकी आर्थिक स्थिति अभी तक कमजोर है । उनको सुधार करने का अधिकार होना चाहिए और सुधार करने के लिए सहकारी समितियों और सरकारी अभिकरणों से उन्हें समय पर कृषि ऋण मिलना चाहिए ।

(4) आन्ध्र प्रदेश (आन्ध्र क्षेत्र), असम, बिहार, तमिल नाडु तथा पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में, अवधि की सुरक्षा के लिए वर्तमान व्यवस्थायें अन्तरिम रूप में हैं और पट्टेदारों तथा शेयरक्रोपर्स को राज्य के साथ सीधे-सम्पर्क में लाने के लिए व्यापक उपायों को अभी अपनाना होगा ।

(5) अधिकांश बेदखली स्वेच्छा-समर्पण का रूप धारण कर लेती हैं । कई राज्यों को योजनाओं में इस सम्बन्ध में की गई सिफारिशों को अभी अपनाना होगा । भविष्य में सरकार के सिवाय अन्य किसी को समर्पण की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ।

(6) पुनर्ग्रहण का अधिकार बेदखली की गुंजाइश को बढ़ाता है । जो अवधि बीत गई है उसे दृष्टि में रखते हुए पुनर्ग्रहण का अधिकार आगे नहीं होना चाहिए ।

(7) आन्ध्र प्रदेश (आन्ध्र क्षेत्र), जम्मू तथा काश्मीर, तमिल नाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल में किरायों को अभी कुल उपज के चौथे या उससे कम भाग तक नीचे लाना है । इसके अतिरिक्त इन राज्यों में और कुछ अन्य राज्यों में उपज किराये अभी निश्चित नकद किरायों में बदलने पड़ेंगे । यह आवश्यक है ताकि किरायों में वार्षिक उतार चढ़ाव के कारण उत्पन्न होने वाली अनिश्चिततायें समाप्त की जा सकें और किसान को अपने लगाए धन का पूरा लाभ पहुंचने का विश्वास हो जाये ।

(8) कई राज्यों ने अभी पट्टेदारों को स्वामित्व सौंपना है और कुछ अन्य राज्यों में जहां ये व्यवस्थायें मौजूद हैं उन्हें क्रियान्वित करने के लिये प्रभावशाली कदम नहीं उठाए गए हैं ।

(9) किसान के लिए अवधि की सुरक्षा पट्टे-सुधार की सारी योजना में कठिन है । अनुभव से पता चलता है कि अवधि की सुरक्षा और किराये की प्रभावी क्रियान्विति को सुनिश्चित करना कठिन है जब तक कि भू-स्वामी पट्टेदारी बन्ध पत्र तोड़ नहीं दिया जाता । अतः यह आवश्यक है कि भू-स्वामी-पट्टेदारी सम्बन्ध को तोड़ने भू-स्वामियों तथा पट्टेदारों के बीच राज्य का मध्यस्थ बन के पट्टेदारों से उचित किराया एकत्रित करने और भू-राजस्व तथा एकत्र करने के खर्च को निकाल कर उन्हें भू-स्वामियों को अदा करने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाने चाहिए ।

(10) यद्यपि सीमाओं के लिए विधान को अपना लिया गया है तथापि स्थानान्तरण की समस्या को सुलझाने के लिए कई राज्यों में अभी कदम उठाए जाने हैं ।

समीक्षा राज्य सरकारों को इस आशा के साथ भेजी गई थी कि वे समीक्षा में दी गई सिफारिशों पर आवश्यक कार्यवाही करेंगी । समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर राज्य सरकारों के विचार भी प्रकाशन में सम्मिलित कर दिए गए हैं। गुजरात, केरल, महाराष्ट्र जैसे कुछ राज्यों ने भूमि सुधार कार्यान्विति समिति द्वारा की गई सिफारिशों को दृष्टि में रखते हुए विशेष कदम उठाये हैं । असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अन्य उपायों पर विचार किया जा रहा है। अन्य राज्यों की प्रतिक्रिया कुछ धीमी है ।

रोजगार कार्यालयों के द्वारा रोजगार

4371. **श्री मोलह प्रसाद :** क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार प्रत्यक्ष आवेदकों अथवा जो रोजगार कार्यालय के द्वारा रोजगार ढूंढते हैं उनके लिए यह अनिवार्य करने का है कि वे अपनी अर्हताओं तथा जाति सम्बन्धी प्रमाण पत्रों के अतिरिक्त राजस्व विभाग के किसी वरिष्ठ अधिकारी से अपने अभिभावकों का मासिक अथवा वार्षिक आय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें;

(ख) क्या सरकार का विचार भर्ती के मामलों में उन प्रार्थियों को प्राथमिकता देने का भी है जिनके अभिभावक न्यूनतम आय वर्ग के हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में विभिन्न राज्य सरकारों के विचार आमंत्रित किये जायेंगे ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). जी नहीं ।

(ग) रोजगार कार्यालय उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के आधार पर तथा पद की अपेक्षाओं के अनुसार भावी नियोजकों के पास भेजते हैं ।

सूखे से प्रभावित राज्य

4372. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उन क्षेत्रों तथा राज्यों के क्या नाम हैं जोकि पिछले तीन वर्षों से भी अधिक समय से लगातार सूखे की स्थिति से प्रभावित रहे ;

(ख) पिछली तीन योजनाओं की अवधि में उन क्षेत्रों में सिंचाई तथा अन्य सुविधाएं जुटाने के लिए कुल कितनी धनराशि खर्च की गई तथा कितनी सिंचाई क्षमता पैदा की गई ; और

(ग) उन क्षेत्रों में सिंचाई क्षमता बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा तैयार की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) से (ग) राज्य सरकारों से जानकारी इकट्ठी की जा रही है और यथासम्भव शीघ्र ही सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

मध्य प्रदेश के निमाड़ जिले में भूमि पर जबरदस्ती कब्जा

4373. **श्री गं० च० दीक्षित :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में पूर्वी तथा पश्चिमी निमाड़ जिलों में कुछ लोगों ने जबरदस्ती सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा उन्होंने कुल कितने क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा किया है;

(ग) क्या उन उसको भूमि से निकालने का सरकार का विचार है तथा क्या इस

सम्बन्ध में मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार के साथ पत्र व्यवहार किया है; और

(घ) यदि हां, तो इन व्यक्तियों को भूमि से कब तक निकाल दिया जायेगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) से (घ). विषय-वस्तु का पूर्ण उत्तरदायित्व राज्य सरकार का है । खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय (कृषि विभाग) के पास कोई जानकारी नहीं है । राज्य सरकार से भी इस सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

मध्य प्रदेश के कृषि विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां

4374. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के कृषि कालेजों के उन विद्यार्थियों की संख्या कितनी है जिनको गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा छात्रवृत्तियां दी गई थीं; इन कृषि कालिजों के नाम क्या हैं तथा छात्रवृत्तियां किस आधार पर मंजूर की गई थीं और

(ख) यदि कोई छात्रवृत्ति नहीं दी गई है तो क्या इस सम्बन्ध में कोई योजना चालू करने का सरकार का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) गत तीन वर्षों के अन्तर्गत मध्य प्रदेश के कृषि कालेजों के विद्यार्थियों को जो छात्रवृत्तियां दी गई वे संलग्न विवरण में दी गई हैं ।

कालेजों को छात्रवृत्तियों का आवंटन वास्तविक दाखिले के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं किया जाता है । 1966-67 में, उन विद्यार्थियों को, जिन्होंने योग्यताप्रदायी परीक्षा में 55 प्रतिशत से कम नम्बर नहीं लिए थे, उनको छात्रवृत्ति देने के लिए विचार किया गया था । 1967-68 से उन विद्यार्थियों को, जिन्होंने योग्यताप्रदायी परीक्षा में 60 प्रतिशत से कम नम्बर नहीं लिये हों और जिनके माता पिता की आय 500 रुपये प्रति माह से अधिक न हो, उनको छात्रवृत्ति देने के लिए विचार किया जाता है । योग्य विद्यार्थियों को, जिनके माता पिता की आय प्रति माह 500 रुपये से अधिक होती है उनको छात्रवृत्ति के बदले 100 रुपये का एक मैद्रान्तिक पुरस्कार तथा एक योग्यता का प्रमाणपत्र दिया जाता है ।

विवरण

वर्ष 1966-67, 1967-68 और 1968-69 के दौरान मध्य प्रदेश में कृषि कालेजों को दी गई छात्रवृत्तियों की संख्या को प्रदर्शित करने वाला विवरण :

	1966-67	1967-68	1968-69	योग
1. कृषि कालेज, जबलपुर	5	--	--	5
2. कृषि कालेज, ग्वालियर	3	--	2	5
3. आर० ए० के० कृषि कालेज, सेहोर	3	--	2	5
4. राजकीय कृषि कालेज, रीवा	2	1	2	5
5. कृषि कालेज, इन्दौर	2	--	--	2
6. कृषि कालेज, रायपुर	--	--	3	3
	15	1	9	25

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में अकाल पीड़ित लोगों को केन्द्रीय सहायता

4375. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के कुछ भागों में अकाल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, वहां के लोगों को, विशेषकर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के परिवारों को कुछ विशेष सहायता तथा रियायतें देने के सम्बन्ध में सरकार ने कोई योजना तैयार की है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) और (ख). मध्य प्रदेश सरकार राज्य के सूखे से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को कोई नकद सहायता या रियायत नहीं दे रही है । राज्य सरकार ने राज्य के सूखे से प्रभावित 16 जिलों में लोगों को रोजगार देने के लिए सहायता कार्य खोले हैं । कुछ क्षेत्रों में जहां कहीं आवश्यक समझा जाता है, मुफ्त भोजन देने के कार्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए प्रबन्ध किये जा रहे हैं । ये कार्यक्रम राज्य सरकार के आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से चलाये जाते हैं लेकिन ये प्रभावित जनसंख्या के सभी वर्गों को लागू होंगे ।

मध्य प्रदेश में पैकेज कार्यक्रम

4376. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के किन जिलों में पैकेज कार्यक्रम आरम्भ किया गया है तथा इन जिलों में कितनी राशि खर्च की गई है ;

(ख) इन जिलों में वर्ष 1962 से वर्षवार कितना ऋण किया गया है ;

(ग) उत्पादन के रूप में क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं ; और

(घ) उक्त अवधि में पेट्रोल तथा जीपों के अन्य पुर्जों इत्यादि पर कितना व्यय किया गया ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) सघन कृषि जिला कार्यक्रम की जो "पैकेज कार्यक्रम" के नाम से लोकप्रिय है, क्रियान्विति के लिए रायपुर जिला को राज्य सरकार द्वारा चुना गया था ।

1961-62 से 1968-69 तक इस कार्यक्रम की क्रियान्विति के लिए 178.30 लाख रुपये की राशि खर्च की गई थी ।

(ख) रायपुर जिले में इस कार्यक्रम की क्रियान्विति पर किया गया वर्षवार खर्च निम्न प्रकार है

वर्ष	(रु० लाखों में)
1961-62	14.05
1962-63	18.68
1963-64	22.67
1964-65	25.50
1965-66	24.90
1966-67	23.17
1967-68	26.13
1968-69	23.20
	178.30

(ग) जिले में कुल फसल वाले क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत में खाद्यान्न बोये गये

हैं और शेष में अखाद्य फसलें मुख्यतया तिलहन बोये गए हैं। खाद्यान्न फसलों में, चावल, जो जिले की मुख्य फसल है, कुल फसल वाले क्षेत्र के 70 प्रतिशत में बोया जाता है। कार्यक्रम के चालू होने की अवधि में, उन वर्षों को छोड़कर जिनमें जिला सूखाग्रस्त हुआ था, जिले में चावल के कुल उत्पादन में सामान्य तया वृद्धि हुई है। 1964–65 में कार्यक्रम की अवधि के दौरान अधिकतम उत्पादन 7.84 लाख मैट्रिक टन चावल था जबकि पूर्व-पैकेज अवधि (1958–61) के दौरान उत्पादन 6.24 लाख मैट्रिक टन था।

(घ) जानकारी उपलब्ध नहीं है।

Soviet Film Van in Bihar

4377. SHRI BIBHUTI MISHRA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the newsitem appearing in the 'Searchlight' daily published from Patna in its morning edition dated the 31st May, 1969, under the heading "Muzaffarpur Notes—Soviet film van touring Bihar";

(b) if so, whether the Soviet Government have taken permission from the Government of India to celebrate the birth centenary of Lenin through the van in the various Districts of Bihar;

(c) whether it is a fact that Government of India are contemplating to celebrate Gandhi Centenary in U.S.S.R. also; and

(d) if so, Government's reaction thereon?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Yes, Sir. Report in a local paper credits the Bihar Council of the Indo-Soviet Cultural Society with the announcement that a Soviet Film Van will tour in parts of Bihar for a fortnight in connection with the Lenin Centenary Celebrations.

(b) In pursuance of a Resolution adopted in the Fifteenth General Conference of UNESCO, which was co-sponsored by India, all Member States have been asked to initiate suitable activities to commemorate the Centenary of the Birth of V. I. Lenin. The Indian National Commission for UNESCO has been approached by its counterpart in the U.S.S.R. to participate in the Centenary Celebration in 1970. The matter is under consideration.

(c) and (d). On the invitation of Government of India, the U.S.S.R. Government is actively participating in the observance of the Gandhi Centenary in the U.S.S.R. The U.S.S.R. Government have established a Sub-Commission in the Institute of the Peoples of Asia of the Academy of Sciences to arrange a number of suitable programmes in connection with Gandhi Centenary Celebrations. Some of the these measures are listed below:—

(i) Holding a scientific session of the Learned Council of the Institute of Peoples of Asia of the Academy of Sciences of U.S.S.R. devoted to the theme of the centenary of the birth of Gandhiji.

(ii) Gala meeting of the Union of Friendship Societies on the occasion of the Centenary.

(iii) To hold similar meetings in Leningrad and Tashkent.

(iv) Preparing for publication of 2nd edition of the book by Mahatma Gandhi, "My Life".

(v) Preparation and publication of a monograph, entitled, "World outlook of M. K. Gandhi" by E. N. Komarov and A.D. Litman.

(vi) Preparing materials for the use of the central newspapers on the life and work of Gandhiji.

(vii) To prepare an article on Gandhiji and Gandhism for the magazine "Peoples of Asia and Africa".

(viii) Preparing materials on Mahatma Gandhi for the magazine: "Asia and Africa today".

(ix) Preparing a special issue of "Soviet Land" on Gandhiji.

(x) Preparing materials on Gandhiji for radio broadcasts.

(xi) To request the Ministry of Communications of U.S.S.R. to issue centenary postal stamp on Gandhiji.

(xii) Consider the question of sending a Soviet scholars' delegation for taking part in the Gandhi Centenary celebrations in India.

(xiii) Organise exhibitions of books on Gandhiji in the Institute of Peoples of Asia of the Academy of Sciences of U.S.S.R. and exhibitions of the materials in Yasnaya Polyana on the contacts between Gandhiji and Leo Tolstoy.

Revision of Minimum Wages in certain States

4378. SHRI P. C. ADICHAN: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether some of the States have lately revised the minimum wages for different employments;

(b) if so, the names of States which have revised these rates during 1969 and the details of the revised maximum and the minimum limits fixed in each of them for each type of employment;

(c) the details of minimum wages fixed in other States and the Union Territories and the steps taken to enforce these wages;

(d) whether any survey has been or is being ordered by Government to find out if a considerable number of persons earn wages much below the minimum wages fixed; if not, the reasons therefor; and

(e) the estimated number and the percentage of such persons in the country as a whole?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) to (c). Wage revisions under the Minimum Wages Act are notified by the "Appropriate Governments" in their Official Gazettes which also give the details of the revised rates of wages for different employments. The wage rates as fixed/revised under the Act are enforceable statutorily.

(d) No, Sir. Necessary enforcement machinery is already in existence to deal with the cases of payment of wages lower than the statutory wages.

(e) Does not arise.

सूरतगढ़ प्रक्षेत्र की फसलों को हानि

4379. **श्री प०ला० बारूपाल :** क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि केन्द्रीय कृषि यंत्रीकृत क्षेत्र, सूरतगढ़ (राजस्थान) में फसलों को बहुत हानि हो रही है क्योंकि उस प्रक्षेत्र में बहुत सी नीलो (रोज) है; और

(ख) यदि हां, तो फसलों को ऐसी हानि से बचाने के लिये क्या ठोस कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना साहिब शिन्दे) : (क) नील गायों से केन्द्रीय राजकीय फार्म, सूरतगढ़ की फसलों को कोई बड़ी हानि नहीं हो रही है।

(ख) आवश्यक पूर्वोपाय किए जा रहे हैं। फार्म के सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा पशुओं को बाहर खदेड़ने के लिए दिन-रात चौकसी की जाती है।

बहुप्रयोजनीय सहकारी समितियां

4380. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कुल कितनी बहुप्रयोजनीय सहकारी समितियां हैं ;

(ख) राज्यवार उनकी संख्या कितनी है;

(ग) क्या यह सच है कि राज्यों में बहुत सी निष्क्रिय और नकली सहकारी समितियां हैं ;

(घ) यदि हां, तो राज्यवार उनकी संख्या कितनी है ;

(ङ) क्या सरकार ने राज्य सरकारों को ऐसी नकली समितियां समाप्त करने की सलाह दी है ;

(च) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(छ) राज्य सरकारों की इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० एम० गुरुपादस्वामी) : (क) से (घ). प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का काम अल्प तथा मध्यकालीन ऋण देना, कृषि आदानों का वितरण करना और अपने सदस्यों की उपज के विपणन में सहायता करना है। 30 जून, 1967 को समाप्त होने वाली सहकारी वर्ष में कुल कितनी ऋण समितियां थीं और कितनी समितियां निष्क्रिय रहीं, उनके बारे में राज्यवार जानकारी सभा पटल पर रखे गये विवरण में दी गई है। [पुस्तकालय में रख दिया गया। देखिये संख्या LT–1759] बाद के वर्षों की जानकारी अभी रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित नहीं की गई है। सभी निष्क्रिय समितियों को नकली नहीं समझा जा सकता है।

